शीर्षकः जिम्नेजियम हेतु उपकरण खरीद बाबत् निविदा आमंत्रण

# राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर

## निविदा फार्म

निविदा संदर्भ संख्या कमांकः—एफ—50 (4)/एसटी/जिम उपकरण/2018—19/2277 दिनांकः 20.06.2018

**निविदा कार्य का नामः राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर में जिम्नेजियम हेतु उपकरण खरीद बाबत निविदा**

# जिम्नेजियम हेतु उपकरण खरीद बाबत निविदा आमंत्रण

# E-Tender

**राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर के अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु तथा संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण, कार्यशाला, मानव संसाधन विकास कार्यो इत्यादि में भाग लेने वाले संभागियों एवं संस्थान के छात्रावास व गेस्ट हाउस में रहने वाले अतिथियों के लिये जिम्नेजियम सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिम्नेजियम उपकरण खरीद बाबत**

बिड संदर्भ सं. क्रमांकः–एफ–50 (4)/एसटी/जिम उपकरण/2018–19/2277 दिनांकः 20.6.18

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन निविदा आवेदन डाउन लोड करने की तिथि व समय | : | 21.06.2018 सायं 4 बजे से |
| प्रि बिड मिटिंग की तिथि, समय व स्थान | : | 29.06.2018 प्रातः 11:00 बजे रा.स्वा. एवं प.क.सं. परिसर |
| निविदा फार्म, ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक, समय व स्थान | : | 10.07.2018 दोपहर 4 बजे तक रा.स्वा. एवं प.क.सं. परिसर |
| ऑनलाइन निविदा आवेदन करने की अंतिम तिथि व समय | : | 11.07.2018 दोपहर 1 बजे तक |
| ई–टेण्डर तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान | : | 11.07.2018 दोपहर 3 बजे रा.स्वा. एवं प.क.सं. परिसर |

| | | |
|---|---|---|
| निविदा मूल्य | : | रू 15 लाख |
| निविदा फार्म मूल्य | : | रू 500/– **(एम.एस.एम.ई. फर्म हेतु नियमानुसार छूट देय है)** |
| ई टेन्डर प्रोसेसिंग शुल्क | : | रू 500/– |
| धरोहर राशि | : | रू 30 हजार (एम.एस.एम.ई. फर्म हेतु नियमानुसार छूट देय है) |

धरोहर राशि रूपये 30000/– (तीस हजार रू मात्र) एवं निविदा फार्म शुल्क रूपये 500 (पॉच सौ रू मात्र) का डी.डी. अथवा बैंकर्स चैंक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के पक्ष में जयपुर में देय हो एवं ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि रू. 500 (पॉच सौ रू मात्र) का डी.डी./बैंकर्स चैक मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल. (MD, RISL) के पक्ष में जयपुर में देय हो। तीनों के डी.डी./बैंकर्स चैक अलग–अलग हों।

ई–टेण्डर/तकनीकी निविदा खोलने का स्थान व सम्पर्क हेतु पताः
**राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर**
झालाना संस्थानिक क्षेत्र, साउथ ऑफ दूरदर्शन केन्द्र, झालाना, जयपुर,
दूरभाष नं. 2706496, 2701938, Fax : 0141- 2706534



निविदादाता के हस्ताक्षर

## निविदा अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना | 4 |
| 2. | निविदादाताओं हेतु निर्देश | 5–10 |
| 3. | निविदा फार्म चैक लिस्ट संलग्नक "A" | 11–12 |
| 4. | तकनीकी निविदा फार्म संलग्नक "B" | 13 |
| 5. | संविदा की शर्ते एवं नियम संलग्नक "C " | 14–15 |
| 6. | विगत तीन वर्षों का औसत 50 लाख जिम उपकरण विक्रय का प्रमाण पत्र "D" | 16 |
| 7. | वार्षिक टर्न ओवर संलग्नक "E" | 17 |
| 8. | उपकरणों की सूची व स्पेसिफिकेशन संलग्नक "F" | 18–20 |
| 9. | स्व घोषणा प्रमाण पत्र संलग्नक "G " | 21 |
| 10. | स्वामित्व प्रमाण पत्र "H " | 22–23 |
| 11. | Format of BoQ "I " | 24 |


**नोट :– सम्पूर्ण निविदा तथा BOQ देवनागरी लिपी हिन्दी के फॉन्ट से DevLys 010 (क्मअस्ले 010) लिखित है।**



निविदादाता के हस्ताक्षर

UBN - IHF1819GLOB00003
NIB code- IHF1819A0003

जिम/2018–19 रा.स्वा. एवं प.क. संस्थान, जयपुर

झालाना संस्थानिक क्षेत्र, साउथ ऑफ दूरदर्शन केन्द्र, झालाना, जयपुर,
दूरभाष नं. 2706496, 2701938, Fax : 0141- 2706534

क्रमांकः–एफ–50 (4)/एसटी/जिम उपकरण/2018–19/2277 **दिनांकः– 20.6.2018**

–: निविदा सूचना :–

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान परिसर में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण, कार्यशाला, मानव संसाधन विकास कार्यो इत्यादि में आने वाले/भाग लेने वाले संभागियों हेतु एवं संस्थान के छात्रावास व गेस्ट हाउस में रहने वाले अतिथियों के लिये जिम्नेजियम सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मूल निर्माता, अधिकृत डीलरों/सप्लायर/विक्रेताओं से निम्नानुसार ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | कार्य | अनुमानित लागत लाखों में | धरोहर राशि रू. में | निविदा फार्म राशि रू. में | ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि रू. में | ऑनलाइन निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | ऑनलाइन निविदा जमा (अपलोड) कराने की अंतिम तिथि व समय | ई–टेण्डर तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान | निविदा फार्म, ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक, समय व स्थान | प्रि बिड मिटिंग की तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिम उपकरण सप्लाई मय इंस्टालेशन | 15 लाख रुपये | 30,000/– (तीस हजार रू ) बैंकर्स चैक/डी. डी. | 500/– (पॉच सौ रू ) बैकर्स चैक/ डी. डी. | 500/– (पॉच सौ रू ) बैकर्स चैक/डी. डी. | 21.06.2018 शाम 4 बजे से | 11.07.2018 दोपहर 01:00 बजे तक | 11.07.2018 दोपहर 03:00 बजे रा.स्वा.प.क. सं. में | 10.07. 2018 सायं 04:00 बजे तक लेखा शाखा, रा. स्वा.प.क. सं. में | 29.06. 2018 को प्रातः 11 बजे रा. स्वा.प.क. सं. में रखी गयी है। |

निविदा फार्म राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर की वेबसाइट www.sihfwrajasthan.com, व www.sppp.rajasthan.gov.in और eproc.rajasthan.gov.in से **दिनांक 21.06.2018** को **शाम 4 बजे से** डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेण्डर को अपलोड करने की **अन्तिम तिथि 11.07.2018 दोपहर 01:00 बजे तक है।** निविदादाता फर्म को धरोहर राशि रूपये 30 हजार व निविदा फार्म शुल्क रूपये 500 (पॉच सौ रू मात्र) का डी.डी. अथवा बैंकर्स चैंक जो निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के पक्ष में जयपुर में देय हो एवं ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि 500 (पॉच सौ रू मात्र) का डी.डी./ बैंकर्स चैक जो मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल. (MD, RISL) के पक्ष में जयपुर में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा जो दिनांक 10.07.2018 को सायं 04:00 बजे तक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान कार्यालय में लेखा शाखा में बंद लिफाफे में जमा करा देंवें। धरोहर राशि, ई–टेण्डर प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा फार्म राशि के बिना प्राप्त निविदा अथवा त्रुटिपूर्ण डी.डी./बेंकर्स चैक होने पर निविदा को निरस्त मानते हुए उस पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताए किसी भी भाग अथवा पूर्ण निविदा को रद्द करने अथवा प्राप्त निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

निदेशक

# निविदादाताओं हेतु निर्देश

1. यह निविदा मूल निर्माता, अधिकृत डीलरों/सप्लायर/विक्रेताओं से आमंत्रित की जाती हैं।
2. निविददाता फर्म का जिम्नेजियम उपकरण व्रिक्रय का गत कम से कम तीन साल का औसत वार्षिक टर्नओवर 50 रू लाख प्रति वर्ष होना अनिवार्य है। इसके अभाव में फर्म को अयोग्य मानते हुए वित्तीय निविदा नहीं खेली जावेगी।
3. निविदा फार्म राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर की वेबसाइट www.sihfwrajasthan.com, व www.sppp.rajasthan.gov.in और eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
4. इन निविदाओं में भाग लेने वाले आवेदक को पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा फार्म को मय संलग्नकों के (यदि कोई हों तो) इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक 11.7.2018 व समय दोपहर 1.00 बजे तक जमा करवाना होगा।
5. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ. 1 (1) एफ.डी/जी.एफ एण्ड ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रू. तक की राशि के कार्यों के लिए रू 500/– व 50 लाख से अधिक राशि के कार्यों के लिए रू 1000/– की राशि निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक के रूप में देय होगी। यह डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल. (MD, RISL) के पक्ष में जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये।
6. धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शायी गयी कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत (रू 30000, तीस हजार रू मात्र) होगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के नाम जयपुर में देय होगा। एम.एस.एम.ई. फर्म हेतु धरोहर राशि में नियमानुसार छूट रहेगी। असफल निविदादाता की धरोहर राशि निविदा को अन्तिम रूप से स्वीकार करने के बाद वापस लौटाई जा सकेगी।
7. निविदा डाउनलोड, अपलोड, खोलने एवं दस्तावेज जमा कराने आदि की तिथि व स्थान निम्नानुसार रहेगा:–

   अ. निविदा प्रपत्र डाउनलोड की अवधि दिनांक **21.06.2018** समय सायं 04:00 बजे से दिनांक **11.07.2018** दोपहर 01.00 बजे तक होगी।

   ब. निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेब साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक **21.06.2018** सायं 4 बजे से दिनांक **11.07.2018** दोपहर 01.00 बजे तक अपलोड कराये जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेब साईट



निविदादाता के हस्ताक्षर

http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर के कार्यालय में दिनांक **11.07.2018** को दोपहर 03:00 बजे खोली जायेगी।

**स.** निविदा शुल्क व धरोहर राशि एवं आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर के कार्यालय में लेखा शाखा में दिनांक **10.07.2018** सायं 04:00 बजे तक जमा कराया जा सकेगा।

**द.** निविदा प्रपत्र को दिनांक **21.06.2018** सायं 4 बजे से दिनांक **11.07.2018** दोपहर 01:00 बजे तक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर के कार्यालय समय में अथवा वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र में निविदाकर्ता के लिये योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता हेतु पात्रता, विभिन्न कार्यों की मात्रा का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य विवरण वर्णित हैं।

8. **निविदा की वैधता** खोलने की दिनांक से 120 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. निविदादाता द्वारा निविदा फार्म शुल्क रू. 500 (पॉच सौ रू मात्र) एवं टेण्डर प्रक्रिया शुल्क रू. 500 (पॉच सौ रू मात्र) तथा धरोहर राशि रू 30000/– (तीस हजार रू मात्र, एम.एस.एम.ई. फर्म हेतु रू 7500/–) अलग–अलग डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चैक के रूप में निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर के कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथी 10.07.2018 को 4 बजे सायं तक जमा कराना आवश्यक है।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निदेशक रा.स्वा. एवं प.क. संस्थान, जयपुर के पास सुरक्षित है।

11. ई–टेण्डरिंग के लिये निविदाता हेतु निर्देशः–

अ. निविदा में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रों को वेबसाइट "http://www.eproc.rajasthan.gov.in" से डाउनलोड (download) कर सकते है।

ब. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं को वेबसाइट "http//www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट– 2000 के तहत डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है उन्हे नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

**स. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होंगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कोई भी प्रस्ताव भौतिक फार्म में स्वीकार्य नही होगा।**

द. इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन्ड कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न कर दी गयी है।

य. यदि निविदादाता को इलेक्ट्रोनिकली निविदा जमा कराने में किसी कारण से विलम्ब हो जाता है तो उसका जिम्मेदार संस्थान नहीं होगा। जमा किये गये दस्तावेजों में कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा एवं इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा। अतः निविदादाता टेंडर प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचनाओं को संपूर्ण रूप से सही व त्रुटिरहित भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

र. ऑन लाइन निविदायें निर्धारित दिनांक (11.07.2018) एवं समय (दोपहर 3:00 बजे) व स्थान (राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान) पर खोली जायेंगी।

ल. यदि किसी कारणवश निविदा खोलने के दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐं खोली जाऐंगी। जो निविदा दाता तकनीकी बिड में क्वालीफाई करेंगे केवल उनकी ही वित्तीय बिड खोलने की सूचना ई–मेल से दी जावेगी। निविदा खोलने की समस्त प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।

12. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा फार्म शुल्क एवं धरोहर राशि तथा आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक की फोटो प्रति के साथ अन्य सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन्ड प्रतियां, जैसा कि आगे इस निविदा फार्म में बताया गया है, वेब साइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना आवश्यक है।
13. निविदा दाता द्वारा निविदा फार्म शुल्क, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि के डिमान्ड ड्राफ्ट प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग देय होंगे। अगर एक डिमाण्ड ड्राफ्ट को एक से अधिक निविदा के लिये बनाया जाकर अपलोड करना पाया गया तो निविदा दाता को इन सभी निविदाओं के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा।

14. भौतिक रूप से जमा कराये जाने वाले दस्तावेजों यथा डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं पोर्टल पर डिजिटली अपलोड किये गये दस्तावेजों में किसी प्रकार की त्रुटी रह जाने पर उसे निर्धारित समय सीमा में पुनः सम्पूर्ण प्रक्रिया अपनाते हुए आवेदन करके दुरस्त किया जाना सम्भव है किन्तु निविदा जमा कराने की निर्धारित समय सीमा (दिनांक 11.07.2018 को दोपहर 1:00 बजे तक) के उपरान्त किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार संभव नहीं हो पायेगा एवं निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदादाता द्वारा निविदा को पूर्ण करने के उद्देश्य **से स्वयं के स्तर पर** प्रस्तुत किये जाने वाले किसी भी दस्तावेज अथवा त्रुटिसुधार की प्रार्थना को निविदा का भाग माना

जाना सम्भव नहीं हो पायेगा एवं तदनुसार अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण निविदा को अमान्य घोषित किया जा सकता है जिसके लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

15. प्रतिभूति राशि अनुमानित लागत की पांच प्रतिशत (75 हजार रू) होगी। सफल निविदादाता को कार्यादेश देते समय अथवा अनुबंध के समय धरोहर राशि का प्रतिभूति राशि में समायोजन किया जाना संभव हो सकेगा।

16. वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र BOQ में प्रस्तुत करनी होगी। वित्तीय निविदा भरते समय इस बात का ध्यान रखा जावे कि दरें व्यवहारिक हों एवं इनमें हर प्रकार की लागत का समावेश कर लिया गया हो जैसे परिवहन, इंस्टालेशन, प्रशिक्षण इत्यादि। BOQ में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्ति फर्म को कोई अन्य भुगतान नहीं किया जावेगा।

17. निविदादाता अपने कार्यालय/निवास का पूर्ण पता अंकित करेगा जहां उससे व्यक्तिगत/डाक द्वारा संपर्क किया जा सके। यदि कार्य स्थल पर सम्पूर्ण समय में वह स्वयं उपस्थित नहीं रहता है, तो उसके द्वारा अधिकृत उस व्यक्ति का नाम व पूर्ण पता सूचित करेगा जो कार्यालय पर उपस्थित रहेगा तथा जिससे इस प्रयोजन हेतु संपर्क स्थापित किया जा सके।

यह निविदा क्वालिटी एंड कोस्ट बेस्ड अर्थात गुणवत्ता व लागत आधारित है जिसका निर्धारण तकनीकी निविदा में प्राप्त हुए गुणवत्ता मापदंडों में निविदादाता को प्राप्त होने वाले अंकों के आधार पर किया जाना है। जो कि निम्नानुसार किया जायेगा। प्रत्येक निविदा का 70:30 फॉर्मूले पर मूल्योंकन किया जावेगा। अर्थात कुल प्राप्तांकों में 70 प्रतिशत भार **(TS)** तकनीकी निविदा का होगा व 30 प्रतिशत भार **(FS)** वित्तीय निविदा का होगा। **तकनीकी निविदा मूल्यांकन पश्चात केवल न्यूनतम 35 अंक प्राप्त करने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जाएंगी।**

वित्तीय निविदा का आंकलन निम्नानुसार किया जावेगा–

**FS = 30 x (FL/F) जहॉ**

**FS** अंतिम स्कोर

**FL** न्यूनतम विविदादाता की दर

**F** विचारार्थ निविदा में प्रस्तुत दर

**Total Score (TotS) = TS + FS**

सर्वाधिक **Ttotal Score (TotS) प्राप्त करने वाले निविदादाता को सप्लाई हेतु अनुबंधित किया जा सकेगा बशर्ते कि वह इस निविदा का अन्य सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करता हो।** वित्तीय निविदा हेतु समस्त दरें विभिन्न कर, शुल्क, व्यय इत्यादि (यदि कोई हों तो) को सम्मिलित करते हुये होंगी (जी.एस.टी. को छोड़कर)। जी.एस.टी. को निविदादाओं द्वारा प्रस्तुत दरों के तुलनात्मक विवरण में सम्मिलित नहीं किया जाना है अतः BOQ में दी गई दरें बिना जी.एस.टी. के प्रस्तुत करें। निविदा में वर्णित दर एवं जी. एसटी. की राशि जो प्रभावी दरों के अनुसार होगी, के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अन्य कोई भुगतान नहीं किया जावेगा। जी.एसटी. की राशि व दरों को बिल में पृथक रूप से दर्शाना होगा। वित्तीय निविदा में प्रत्येक आइटम हेतु पृथक–पृथक दरों का मूल्यांकन किया जायेगा।



निविदादाता के हस्ताक्षर

18. निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात् निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
19. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी ।
20. निविदा दाता को प्रपत्र बिना कांट –छांट के अपलोड करना चाहिये अन्यथा स्कैन किये गये व अपलोड किये जाने वाले निविदा प्रपत्र में प्रत्येक काट–छांट पर निविदादाता को अपने हस्ताक्षर करने चाहिये अन्यथा निविदा को अमान्य किया जा सकता है।
21. निविदा स्वीकार करने/नहीं करने या समस्त निविदा कार्यवाही को निरस्त करने का अंतिम अधिकार निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान को होगा।
22. सम्पूर्ण निविदा पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 में उल्लेखित नियम प्रभावी होंगे एवं अनुबन्धक व कार्यालय के लिए बाध्यकारी होंगे।
23. निविदादाता के लिए यह समझा जायेगा की उसने इस निविदा की समस्त शर्तें/विवरण आदि को सावधानी पूर्वक पढ़कर, समझ कर समस्त शर्तों व विवरण पत्रों को स्वीकार कर प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर किये हैं।
24. संस्थान निदेशक किसी भी निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है एवं बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन कार्यों के लिए निविदादाता ने निविदा दी है, उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एक फर्म/प्रदायकर्ता से अधिक को सेवा की मदों को वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखता है।
25. निविदादाता को करार निष्पादित करते समय निम्नलिखित दस्तावेज संलग्नानुसार प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
    - यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख की एक अनुप्रमाणित प्रति ।
    - एक मात्र स्वामित्व के मामले में आवास एवं कार्यालय का पता, टेलीफोन नम्बर एवं सत्यापन हेतु डाक्यूमेंट।
    - कम्पनी के मामले में कम्पनी के रजिस्ट्रार के द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
    - जी.एस.टी पंजीकरण एवं पैन नंबर अनिवार्य होगा ।
    - फर्म द्वारा टैक्स क्लियरेस नियमानुसार जमा कराया गया होना अनिवार्य है जिसकी प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
    - फर्म के गठन की प्रकृति के संबंध में सी.ए. द्वारा प्रमाणित प्रति।
26. निविदादाता दर संविदा को किसी अन्य एजेंसी को सबलेट नहीं करेगा।
27. रा.स्वा. एवं. प.क. संस्थान का कोई भी प्रतिनिधि या संसथान द्वारा गठित कोई समिति को क्रय किये जा रहे समान के सप्लाई किये जाने से पूर्व फर्म के खर्चे पर निरीक्षण का अधिकार होगा। एवं यदि ऐसा निरीक्षण किया जाता है तो फर्म को दिये गया कार्यादेश ऐसे किसी भी निरीक्षण के परिणाम के अध्याधीन होगा।
28. निविदादाता या उसके किसी प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार की अनहर्ता होगी।

29. यदि निविदा के संबंध में संस्थान में कार्यरत किसी व्यक्ति द्वारा निविदा को पास कराये जाने संबंधी कोई गारंटी दी हो या शुल्क की मांग की हो तो उसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के ध्यान में लाना निविदादाता का दायित्व होगा।
30. एम.एस.एम.ई. संस्थान को नियमानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर निर्धारित शुल्क, धरोहर राशि/प्रतिभूति राशि में छूट देय होगी।
31. प्री बिड मीटिंग की दिनांक 29.06.2018 है। प्री–बिड मीटिंग निर्धारित दिनाक को 11:00 बजे संस्थान परिसर में रखी जायेगी।

निदेशक

## तकनीकी निविदा संलग्नक "A"

## घोषणा पत्र व चैकलिस्ट
(यह नोटराइज्ड होना चाहिए)

मैं/हम ..... (निविदादाता का नाम) (कार्यालय का नाम)..... .....निवासी (निविदादाता का पता) ..... घोषणा करते है कि मैंने/हमने निविदा की सभी शर्तो एवं नियमों को पढ़ लिया है जो कि निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर द्वारा निविदा में दिये गये हैं तथा उल्लेखित सभी शर्तो, नियमों व नीचे दिये गये मेरिट सिस्टम का पालन करने हेतु सहमत हैं।

मैं/हम मूल निर्माता, अधिकृत डीलर/सप्लायर/विक्रेता के रूप में निविदा में भाग लेने हेतु सहमत है।

मैं/हम हमारे द्वारा दी गई दरों को बोली वैधता की पूरी अवधि के लिए वैध रहने की घोषणा करते हैं।

| क्र. सं. | विवरण | संलग्न हाँ/नहीं | पृष्ठ संख्या | मेरिट हेतु प्राप्तांक अधिकतम 100 (मूल्यांकन कमेटी द्वारा भरा जावे) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमानत राशि रु. 30000/– चैक/ड्राफ्ट (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 10 |
| 2. | निर्माता/अधिकृत डीलर/सप्लायर/रिटेलर होने की सी.ए.फर्म द्वारा सत्यापित प्रति (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 2 |
| 3. | जी.एस.टी टैक्स रजिस्ट्रेशन की प्रति (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 5 |
| 4. | गत तीन वर्ष की आयकर विवरणी की सी.ए.फर्म द्वारा सत्यापित प्रति (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 3 |
| 5. | कम से कम तीन साल का जिम्नेजियम उपकरण विक्रय का टर्नओवर विवरण ( संलग्नक "E")। तीन वर्ष का औसत सकल वार्षिक टर्नआवर 50.00 लाख होना अनिवार्य है जिसकी CA द्वारा प्रमाणित रिपोर्ट संलग्न करनी होगा। (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 10 |
| 6. | गत तीन वर्ष का टैक्सक्लिसरेंस प्रमाण पत्र अथवा जी.एस.टी. जमा विवरणी की सी.ए.फर्म द्वारा सत्यापित प्रति (जो भी लागू हो) (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 10 |
| 7. | हस्ताक्षरित मूल निविदा फार्म मय संलग्नक "A से H तक" (अनिवार्य) | | | 0–8 (1 अंक प्रति संलग्नक अकितम 8 अंक) |
| 8. | निविदादाता फर्म किसी सरकारी विभाग/एजेन्सी से ब्लेक लिस्ट तो नही है। इसका शपथ पत्र 10 रुपये के नॉन ज्यूडिशल स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करें ( संलग्नक "G") (अनिवार्य) | | | 0 अथवा 5 |



निविदादाता के हस्ताक्षर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | वैध गुणवत्ता प्रमाण पत्र (आई.एस.ओ./आई.एस.ई/अन्य समकक्ष) | | | 0–5 (1 अंक प्रति प्रमाण पत्र अधिकतम 5) |
| 10. | संलग्नक 'एफ' में दिये गये 12 उपकरणों में से 100 प्रतिशत मुख्य स्पेसिफिकेशन मिलने वाले उपकरणों की संख्या | | | 0–12 (1 अंक प्रति उपकरण अधिकतम 12 अंक) |
| | कुल प्राप्तांक (अधिकतम 70) | | | |

1. सफल निविदादाता को 35 अंक प्राप्त करने अनिवार्य है।
2. वित्तीय निविदा तकनीकी निविदा मूल्यांकन पश्चात केवल न्यूनतम 35 अंक प्राप्त करने वाले निविदादाताओं की ही खोली जाएंगी। (देखें निविदादाता हेतु निर्देश बिन्दु संख्या 17)।
3. उपरोक्त सारणी में पृष्ठ संख्या अवश्य लिखें ताकि आपके द्वारा संलग्न दस्तावेज को आसानी से ढूँढ़ा जा सके।



निविदादाता के हस्ताक्षर

**तकनीकी निविदा** **संलग्नक " B "**

# राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

झालाना संस्थानिक क्षेत्र, साउथ आफ दूरदर्शन केन्द्र, जयपुर–302004
फोन न. 2706496, 2701938, फैक्स न. 2706534

**राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर भवन परिसर में जिम्नेजियम हेतु उपकरण खरीद हेतु**

बिड फार्म

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म/संस्था का नाम | |
| 2. | सम्पर्क हेतु डाक का पूरा पता | |
| 3. | दूरभाषः अ) कार्यालय..... .....<br>ब) निवास.....<br>मोबाईल.....<br>ई–मेल..... | .....<br>.....<br>.....<br>..... |
| 4. | फर्म मालिकाना है या साझेदारी (संलग्नक H) | |
| 5. | फर्म के मालिक/साझेदारों का नाम व पूरा पता | |
| 6. | (अ) निविदा प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम व पता<br>(ब) किस हैसियत से हस्ताक्षर किये हैं?<br>(स) मालिक के अतिरिक्त अन्य हस्ताक्षरकर्त्ता ने स्वयं के पक्ष में समुचित अधिकार पत्र प्रस्तुत किया हैं? | नाम–<br>पता–<br>(यथा मालिक/मैनेजर/सचिव अधिकृत व्यक्ति)<br>हॉ/नही/लागू नहीं |
| 7. | यदि फर्म जयपुर से बाहर स्थित हो तो जयपुर शहर में स्थानीय संपर्क स्थल/सूत्र की जानकारी दें? | मोबाईल नं.<br>दूरभाष नं.<br>पता– |

| | | | बैंकर चैक/डी.डी. विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | संलग्न बैंकर चैक/डी.डी. अमानत राशि का विवरण (जमा करा दी गई है/नहीं कराई है) | | संख्या | राशि | दिनांक |
| | | निविदा फार्म शुल्क<br>धरोहर राशि<br>ई टेन्डर प्रकिया शुल्क | .....<br>.....<br>..... | .....<br>.....<br>..... | .....<br>.....<br>..... |

उपर्युक्त जानकारीयॉ सही व तथ्यों पर आधारित है। यदि अनुबंध के दौरान प्रस्तुत सूचना में कोई विसंगतियॉ प्रमाणित हों तो अनुबंध निरस्त करने पर हमें कोई आपत्ति नही होगी। मैने क्रमांक 5 से 8 तक सम्बंधित एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र कागजात अथवा उनकी प्रति संलग्न कर दी है।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय स्टाम्प
नाम व पता मय दूरभाष नं.

तकनीकी निविदा संलग्नक "C"

## जिम्नेजियम हेतु उपकरण खरीद बाबत संविदा की शर्ते एवं नियम

1. सफल निविदादाता को किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।
2. उक्त कार्य के सम्पादन में यदि किसी भी प्रकार की हानि जो प्राकृतिक या अप्राकृतिक रूप से हो जाती है तो उसके लिए यह कार्यालय किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं करेगा, और ना ही इस कार्यालय का किसी प्रकार का कोई दायित्व/जिम्मेदारी होगी।
3. निर्देशानुसार सप्लाई कार्य सम्पादित नहीं करने पर या किसी भी प्रकार से असफल रहने पर किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं किया जावेगा एवं धरोहर राशि प्रतिभूति राशि जब्त के लिये निविदादाता पूर्णतया जिम्मेदार होगा।
4. बिल में जी.एस.टी. प्रचलित दर को नियमानुसार अंकित करना होगा।
5. अनुबंधकर्ता को 3 माह में उपकरण सप्लाई कर मय इंस्टालेशन संस्थान में स्थापित करने होंगे।
6. भुगतान हेतु उपकरणों की सप्लाई व इंस्टालेशन कार्य की समाप्ति पर निविदादाता द्वारा बिल मय कार्य सम्पादन प्रमाण पत्र के प्रस्तुत किया जायेगा। जांच पश्चात् निविदा की शर्तानुसार सही होने पर कार्यादेश या बिल राशि का 90 प्रतिशत भुगतान, नियमानुसार कटौती जैसे विलम्ब शुल्क इत्यादि यदि कोई हो तो काटकर, कर दिया जायेगा।
7. सफल निविदादाता स्वयं के खर्च पर संस्थान के कार्मिकों को उपकरण उपयोग व रख रखाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध करायेगा जिसके उपरान्त शेष 10 प्रतिशत राशि का भी भुगतान कर दिया जावेगा।
8. सफल निविदादाता को उपकरण के साथ दी जाने वाली गारंटी, वारंटी की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी। गारंटी अवधि के दौरान फर्म को मरम्मत व आवश्यक पुर्जो इत्यादि की व्यवस्था समयबद्ध तरीके से करनी होगी।
9. सफल निविदादाता को कुल लागत का 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि संस्थान में अनुबंध के समय जमा करानी होगी। जो गारंटी अवधि के संतोषजनक ढंग से समाप्ति के उपरान्त अथवा एक वर्ष उपरान्त (जो भी पहले हो) लौटा दी जावेगी।
10. असफल निविदादाता की धरोहर राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद वापिस लौटा दी जावेगी।
11. प्रतिभूति व धरोहर राशि पर संस्थान द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा।
12. गारंटी अवधि की समाप्ति के उपरान्त उपकरणों की देखभाल/मरम्मत हेतु संस्थान द्वारा वार्षिक रख–रखाव अनुबंध किया जायेगा जिसके लिये सप्लाईकर्ता फर्म को इच्छुक होना चाहिये। वार्षिक रख–रखाव अनुबंध हेतु अलग से भुगतान किया जायेगा।
13. प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण (जब्त) – प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलो में समपहृत (जब्त) किया जा सकेगा–
    - जब संविदा की किन्ही शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।



निविदादाता के हस्ताक्षर

- जब निविदादाता द्वारा सम्पूर्ण कार्य/गुणवत्ता संतोष जनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

14. प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत (जब्त) करने के मामले में युक्तियुक्त समयपूर्व नोटिस दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य स्वा. एवं. प.क. संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।
15. विवादास्पद स्थिति होने पर निदेशक राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर को निविदा शर्तों के अनुसार निर्णय कर आवश्यक कटौति, भुगतान ना करने व वसूली करने का अधिकार रहेगा। विवाद की स्थिति में निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।
16. समस्त विधिक कार्यवाहियों यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, किसी भी पक्षकार, सरकार, या ठेकेदार द्वारा जयपुर में स्थित न्यायालयों में ही की जायेगी, अन्यत्र नहीं की जायेगी।
17. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा।

मैने/हमने उपरोक्त समस्त शर्ते ध्यानपूर्वक पढ़ ली है। मैं/हम इनका निष्पादन करने के लिए सहमत हैं।

हस्ताक्षर निविदादाता मय पूर्ण नाम एवं मोहर
डाक पता निवास स्थान एवं कार्यालय .....
.....
.....
मोबाईल नं. .....
फोन नं. .....

तकनीकी निविदा प्रपत्र संलग्नक "D '

## विगत तीन वर्षों का औसत 50 लाख जिम उपकरण विक्रय का प्रमाण पत्र

## सी.ए. द्वारा प्रमाणित

मैं/हम .....(सी.ए. अथवा सी.ए. फर्म का नाम) प्रमाणित करते हैं कि हमारे क्लाइंट फर्म मै. .....का विगत 3 वर्ष का जिम उपकरण विक्रय का औसत वार्षिक टर्न ओवर निम्नानुसार है–

| क्रम सं. | वित्तीय वर्ष | विक्रय किये गये उपकरणों का मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | 2015–16 | |
| 2 | 2016–17 | |
| 3 | 2017–18 | |
| | कुल राशि | |
| | औसत प्रति वर्ष | |

हस्ताक्षर सी.ए. फर्म मय सील

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

**संलग्नक "E"**

(फर्म के लेटर हैड पर)

## वार्षिक टर्नओवर विवरण*

मैसर्स ..... पता .....
..... के गत तीन वर्षो के नीचे दिये गये वित्तीय विवरण सही और सत्य है,जो कि सत्यापन हेतु प्रस्तुत है।

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | टर्नआवर (लाख में) रुपयें |
|---|---|---|
| 1<br>2<br>3 | | |
| | कुल योग | रुपयें ..... लाख में |

गत 3 वर्ष की CA द्वारा प्रमाणित ऑडिटेड रिपोर्ट संलग्न करनी होगी।

दिनांकः निविदादाता के हस्ताक्षर

अंकेक्षक के हस्ताक्षर मय सील/चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट

नामः .....

पताः .....

.....

मोबाइल नम्बरः .....



निविदादाता के हस्ताक्षर

तकनीकी निविदा संलग्नक "F "

उपकरणों की सूची मय स्पेसिफिकेशन

| Specification of Equipment for SIHFW GYM 2018-19 | | | |
|---|---|---|---|
| S. No. | Item | Qty. | Specification |
| 1 | **Treadmill** | 2 | • Motor: AC Industrial Commercial Motor 5.0 HP with peak duty.<br>• Dimension: 86"(L) x 38"(W) x 59"(H).<br>• Belt Size: 62" (L) x 20" (W).<br>• Max User Weight: 150-180 Kgs.<br>• Side strips made on Steel with Rubber Grips<br>• Textured Belt for Better running grip<br>• Broad handle bars for design and user safety<br>• Digital display should be there with Time ,Speed, Distance, Calories and Contact Pulse rate sensors<br>• Speed: 0-20 km/hr<br>• Incline: 0-20 levels<br>• Treadmill Weight: 180 to 185 kg<br>• Warranty- 5-10 years for the frame, 3 years for parts and 01 year labor |
| 2 | **Elliptical Cross Trainer** | 1 | • Cross trainer should give Inclined Elliptical Motion<br>• Internal Generator ensure No Drag/Jerks Motion<br>• Dimension : 80" (L) X 28"(W) X 70"(H)<br>• User Weight : 180 kgs.<br>• Maximum Watt: 250 Watts.<br>• Resistance Level: 1-16 Levels.<br>• LED Display for better View<br>• Programs: 06 Programs - manual, HRC, random, weight loss, CV and hill intervals.<br>• Digital display should be there with Time ,Speed, Distance, Calories and Contact Pulse rate sensors<br>• Warranty- 5-10 years for the frame, 3 years for parts and 01 year labor |
| 3 | **Spin Bike**<br><br>**(Recumbent Bike)** | 1 | • Unique Inclined Elliptical Motion for better results<br>• Internal Generator Ensure No Drag/Jerks in motion<br>• Led Display for brighter and better view<br>• Digital display should be there with Time ,Speed, Distance, Calories and Contact |



निविदादाता के हस्ताक्षर

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | Pulse rate sensors<br>• Resistance level: 1-10 levels<br>• Heart rate sensor on the side bars<br>• Front Additional Grip for upright Biking Posture<br>• Massive and larger Seat for all body weights<br>• Double color for better appearance<br>• Seat position should be in inclined angle for proper 4recumbent biking motion<br>• Aluminum seat guide rails for No tear/wear<br>• Pedal straps for better foot grip<br>• Internal generator with external power supply to making biking more smooth and drag free<br>• User weight up to 200 Kg<br>• Product weight- 110 to 180 kg |
| 4 | **Upright Biking** | 1 | • Led Display for brighter and better view<br>• Digital display should be there with Time ,Speed, Distance, Calories and Contact Pulse rate sensors<br>• Resistance level: 1-10 levels<br>• Heart rate sensor on the side bars<br>• Front Additional Grip for upright Biking Posture<br>• Massive and larger Seat for all body weights<br>• Double color for better appearance<br>• Seat position can be adjusted to make tallest/ shortest person comfortable<br>• Aluminum seat guide rails for No tear/wear<br>• Pedal straps for better foot grip<br>• Internal generator with external power supply to making biking more smooth and drag free<br>• Broader foot base for better ground stability while biking<br>• User weight up to 180 Kg<br>• Product Weight- 60 to 100 kg |
| 5 | **Adjustable Bench** | 1 | • Frame double painted<br>• Tube1: Oval Tube, 60x120mm T2.5<br>• Tube 2: Oblong tube, 50x60 mm T2.5<br>• Stuffing: PU Foam with synthetic leather<br>• Build up Size : 1150*600*900mm |
| 6 | **Hyper Extension Machine** | 1 | • Main Pipe Structure 100mm x 50mm +- 2mm<br>• 12-14 Gage thick<br>• Powder Coated Finish<br>• Nylon Lock Nut For Structure<br>• All the Pulley Should be Fiber Pully and with Bearing<br>• Weight Stack MS<br>• High Density foam rubber hand grips and handles<br>• Upholstery over 2" high density foam |



निविदादाता के हस्ताक्षर

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | • 5.5 mm die cable |
| 7 | **Yoga Mat** | 20 | • 10MM thick<br>• Standard size suitable for Adult exercising |
| 8 | **Stepper** | 10 | • Height of the Stepper for exercise should be 12 inches from flat floor<br>• Should be durable and should be made of high resistance material to handle weight 140 kgs |
| 9 | **Suspended training belt** | 01 | • For multipurpose exercise and stretching |
| 10 | **Gym Stools** | 04 | • Suitable for sitting exercises in the gym<br>• Comfortable seat with Steel Frame. |
| 11 | **Gym floor mats** | As per requirement | • Moveable mates which will work as the shock absorber while putting weight , barbells and dumbbells on the floor |
| 12 | **GYM Ball** | 02 | • Suitable for all Gym related exercises<br>• Back related exercises<br>• Abs related exercises |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय नाम.....
पता निवास स्थान एवं कार्यालय .....
.....
.....
मोबाईल न. .....
फोन न. .....

जिम/2018–19

रा.स्वा. एवं प.क. संस्थान, जयपुर

तकनीकी निविदा प्रपत्र संलग्नक "G "

# स्वः घोषणा प्रमाण पत्र

(10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर )

मेरी /हमारी संस्था (एकल स्वामित्व, साझेदारी, कंम्पनी) द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि किसी भी स्तर पर राज्य सरकार, केन्द्र सरकार तथा निजी संस्थाओ से अयोग्य (ब्लैक लिस्टेड) घोषित नहीं की गई है तथा इसके उपरान्त भी अगर कोई विलेख मेरी /हमारी संस्था की अयोग्यता प्रदर्शित करता है तो उसके परिणाम तथा दुष्परिणाम हेतु मेरी /हमारी संस्था जिम्मेदार होगी।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

हस्ताक्षरकर्ता का नाम

निविदादाता का नाम

दिनांक

स्थान



निविदादाता के हस्ताक्षर

## तकनीकी निविदा प्रपत्र संलग्नक "H "

## स्वामित्व प्रमाण पत्र

(10 रू के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर विधिवत नोटरी)

मैं/हम..... एकल स्वामित्व/साझेदार/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मेसर्स ..... .....एकल स्वामित्व/साझेदारी फर्म/ सार्वजनिक/ निजी लिमिटेड कंपनी के एकमात्र मालिक जो कि अधिकृत कार्यालय स्थित .....(पूरा पता) जो कि सही होने की घोषणा करते हैं:–

1. कि मैं मेसर्स .....का एक मात्र मालिक हूँ

अथवा

कि हमारी मेसर्स .....साझेदारी फर्म है जिसके तहत साझेदारों के पूरा नाम निम्न है/

(अ) .....

(ब).....

(स).....

(द).....

अथवा

कि हमारी कंपनी अधिनियम, 1956/कंपनी अधिनियम 2013 के संशोधन के प्रावधानों के अन्तगर्त प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है।*

*यदि स्वामित्व के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र/साझेदारी फर्म का साझेदारी विलेख/प्राइवेट लिमिटेड/पब्लिक लिमिटेड का ज्ञापन ओर एसोसिएशन का प्रलेख प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए जिस पर कंपनी के बोर्ड द्वारा अधिकृत निदेशकों में से एक अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न किया जाना चाहिए

2. मेरे/हमारी फर्म/कंपनी/मेसर्स .....आज दिनांक में प्रस्तुत निविदा तक किसी भी संस्था अथवा उपक्रम के साथ काली सूची में अथवा कार्य में अयोग्य नही पाई गई है जिसकी घोषणा हमारे द्वारा की जाती है ।
3. मेरे/हमारी फर्म/कंपनी/मेसर्स .....आज दिनांक में प्रस्तुत निविदा तक किसी भी संस्था अथवा उपक्रम के साथ अवेध कार्य तथा चोरी एवं आपराधिक कृत्य नही किया गया है जिसकी घोषणा हमारे द्वारा कि जाती है ।



निविदादाता के हस्ताक्षर

4. किसी भी स्तर पर हमारे द्वारा उपरोक्त दी गई सूचना एवं तथ्य गलत एवं झूठे पाये जाते है तो मेरे/हमारी फर्म/कंपनी को वर्तमान कार्य से वचित कर दिया जाये तथा भविष्य में भी आप द्वारा जारी कि गई निविदाओ में आमन्त्रण हेतु अयोग्य समझा जावे जिस हेतु किसी भी दावे एवं नुकसानी लेने के लिये पात्र नही होगे ।
5. मैं शपथ पत्र में पूर्ण स्वस्थ चित के साथ कसम खाता हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही है।

(हस्ताक्षर एकल स्वामी के/प्रबन्धकीय साझेदार/निदेशक मय मोहर)

साक्षी

सत्यापन हेतु.....पर.....दिये गये अनुच्छेद 1से 5 शपथ पत्र में सही ओर ठीक है तथा कोई भी बिन्दु गलत नही हैं तथा ना ही कुछ छुपाया अथवा झूठा विवरण दिया गया है।

(हस्ताक्षर एकल स्वामी के/प्रबन्धकीय साझेदार/निदेशक मय मोहर)

साक्षी

नोटरी के हस्ताक्षर मय मोहर

संलग्नक "I "

**Sample format of BoQ to be filled electronically as financial bid and uploaded on e-proc (Not to be filled with technical Bid)**

| S. No. | Item | Qty. | Amt Rs. | GST Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Treadmill | 1 | | |
| 2 | Elliptical Cross Trainer | 1 | | |
| 3 | Spin Bike (Recumbent Bike) | 1 | | |
| 4 | Upright Biking | 1 | | |
| 5 | Adjustable Bench | 1 | | |
| 6 | Hyper Extension Machine | 1 | | |
| 7 | Yoga Mat | 1 | | |
| 8 | Stepper | 1 | | |
| 9 | Suspended Training Belt | 1 | | |
| 10 | Gym Stools | 1 | | |
| 11 | Gym Floor Mats | 1 | | |
| 12 | GYM Ball | 1 | | |



निविदादाता के हस्ताक्षर